एक नजर में

## तीन जगहों पर जुआ खेलते 18 जुआरी पकड़े

इंदौर. पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए जुएं की तीन बड़ी महफिलों पर धावा बोला. एमआईजी, सराफा और खुड़ैल थाना क्षेत्रों में हुई कार्रवाइयों में 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके पास से हजारों की नगदी के साथ ताश के पत्ते और अन्य सामाग्री जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है. पहला मामला एमआईजी थाना क्षेत्र की अयोध्यापुरी कॉलोनी स्थित कुएं के पास का है. यहां से तारू दांगोड़े, शिवजी बादे, गौरव मालवीय, अभिषेक जाटव और अर्जुन कायत को ताश के पत्तों से दांव लगाते हुए पकड़ा. आरोपियों के पास से 570 रुपये नगद और 52 पत्ते जब्त किए है. इसी तरह दूसरा मामला सराफा थाना क्षेत्र में मजदूर चौक गुमटी के पास से पुलिस ने भूपेंद्र, आकाश धानक, छोटू मराठी और मनोज दर्जी को हार-जीत का जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया. यहां से 680 रुपए और 52 ताश पत्ते मिले. जबकि सबसे बड़ी कार्रवाई खुड़ैल थाना क्षेत्र में हुई. यहां धूलघाटी, जामनिया खुर्द स्थित कृष्ण वाटिका के पास से अजय राठौर, राकेश चाकरे, कन्हैया राठौर, सुनील पाल, बद्री चौहान, महादेव चौहान, पवन चौहान, पिंटू चौहान, पवन पंवार और हाटेसिंह चौहान को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा. पुलिस ने इनके कब्जे से 52,200 रुपए नगद और 52 ताश पत्ते जब्त किए. तीनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## होटल पब और होस्टल संचालकों पर कार्रवाई

इंदौर. शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा संबंधी निर्देशों को लेकर पुलिस आयुक्तालय लगातार सक्रिय है. बीते दिनों पुलिस आयुक्त के आदेश पर बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी दिशा निर्देशों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों पर विजयनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पुलिस आयुक्त के आदेश पर की जा रही इस कार्रवाई में कई होटल, पब, बार और होस्टल संचालकों को नियमों की अवहेलना करते पाया. इनमें देर रात तक क्लब संचालन, कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन न कराना और किरायेदारों व छात्रों की जानकारी थाने को न देना प्रमुख कारण रहे. पिछले 73 दिनों में पुलिस ने होटल शिवधाम सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई की है. मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आदेशों की अनदेखी करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा. गौरतलब है कि बीएनएसएस के तहत होटल, लॉज, पब, होस्टल, प्रायवेट कंपनियां, निर्माण कार्य स्थल और मकान मालिकों को किरायेदारों, कर्मचारियों, मजदूरों और छात्रों की जानकारी पुलिस को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होती है. इसके अलावा पहचान पत्र लेना और पुलिस पोर्टल पर पंजीयन कराना भी जरूरी है. विजयनगर पुलिस ने चेतावनी दी है कि आगे भी इस तरह की नियमित जांच चलती रहेगी और यदि वेरिफिकेशन या सूचना देने में किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित संचालकों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## नाबालिग बेटियों को किया अपहरण

इंदौर. शहर में नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर ले जाने की वारदातें बढ़ रही हैं. बीते दिनों आजादनगर और चंदननगर थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग मामलों में नाबालिग बेटियों को अज्ञात आरोपी अपने साथ ले गए. तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरु की. पहला मामला आजादनगर थाना क्षेत्र का है, जहां पिसनावल, सेंधवा बड़वानी निवासी मांगीलाल की 17 वर्षीय बेटी को अलकापुरी कॉलोनी, मूसाखेड़ी क्षेत्र से बहला-फुसलाकर ले गए. दूसरे मामले में हरदा जिले की रहने वाली जुलेखा बी, जो फिलहाल कोहिनूर कॉलोनी, आजादनगर में किराये से रहती हैं, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग बेटी को भी अज्ञात बदमाश बहला-फुसलाकर ले गया. तीसरी वारदात चंदननगर थाना क्षेत्र की है. यहां राजनगर सेक्टर निवासी दीपक शर्मा की 14 वर्षीय बेटी को देर रात आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले गया. तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर बच्चियों की तलाश कर रही है.

## प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में युविन पोर्टल क्रियान्वयन की समीक्षा



इंदौर. स्वास्थ्य आयुक्त के निर्देश पर शहर के निजी मेडिकल कॉलेज में युविन पोर्टल के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई. इस दौरान इंडेक्स मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर पोर्टल की प्रगति जाँची गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. निरीक्षण दल ने पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण से जुड़ी प्रक्रियाओं और डाटा फीडिंग की व्यवस्था देखी. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि युविन पोर्टल को सुचारु रूप से लागू करने के लिए समयबद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि टीकाकरण से जुड़े लक्ष्यों की निगरानी और उपलब्धियों का आंकलन और अधिक प्रभावी तरीके से हो सके.

## आत्महत्या से पहले पत्नी व प्रेमी पर लगाए आरोप

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में आत्महत्या के एक सनसनीखेज मामले ने पुलिस को भी सकते में डाल दिया. गणेश नगर निवासी 40 वर्षीय मिथुन सकेरिया ने जान देने से पहले अपने किराएदार के मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर प्रताड़ना और साजिश के गंभीर आरोप लगाए. हीरानगर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मृतक मिथुन ने वीडियो में कहा कि उसकी पत्नी सरिता और नवीन के बीच अवैध संबंध हैं. दोनों ने मिलकर उसके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई और मकान अपने नाम करवा लिया. इतना ही नहीं, उसके खाते में जमा राशि भी सरिता ने अपने कब्जे में ले ली. वीडियो में मिथुन ने यह आरोप भी लगाया कि उसकी पत्नी मोहल्ले की एक महिला के खाते में पैसे ट्रांसफर कर नकद निकालकर नवीन को देती थी. मिथुन ने साफ शब्दों में कहा कि उसे दवाइयों तक के पैसे नहीं दिए जाते थे और लगातार मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था. परेशान होकर उसने यह कदम उठाया. मरने से पहले बनाए वीडियो में मृतक ने पुलिस और परिवार से कहा कि अगर उसे कुछ हो जाए तो सरिता और नवीन को जिम्मेदार माना जाए और उन्हें बख्शा न जाए. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और वीडियो सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है.

## आनंद उत्सव का आयोजन




इंदौर. आध गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मीरा मोहन प्रकोष्ठ ने 65 युगलों के साथ नखराली ढाणी राऊ में आनंद उत्सव का आयोजन किया. कार्यक्रम में सभी परिवारों का उनके पसंद के गानों के साथ स्वागत किया गया. युगल खेल और बच्चों के खेल खेलकर सबने अपने बचपन को जिया. सबको पुरुस्कार देकर, जुलाई और अगस्त माह वाले युगलों की विवाह वर्षगांठ मनाई गई. इंदौर को स्वच्छ रखने के साथ स्वस्थ रखने और ट्रैफिक में भी न 1 आने की शपथ ली गई. संचालन अध्यक्ष प्रियंका स्वागत शर्मा के साथ संयोजक दीपा मनोज शर्मा ने किया. सहयोग आस्था मयंक तिवारी, प्रीति आशीष पंडित के साथ पूरी कार्यकारिणी अनुपमा अतुल, भारती अरविन्द, रंजना अभिषेक, प्रियंका आनंद, जया उपेन्द्र, हेमा सूरज, छाया गगन, मेघा दिनेश, विधा राजेन्द्र ने किया. कार्यक्रम में न्यास अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सुरेश काका, राजकिशोर जी, ओम प्रकाश जी की गरिमामयी उपस्थिति रही.

# पिछले साल से करीब 10 इंच कम बारिश, स्थिति चिंताजनक

- अभी तक 19 इंच बारिश, पिछले साल 28 इंच बारिश हुई
- सभी तालाब खाली, दो तालाब का जलस्तर शून्य

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बारिश की स्थिति दिन ब दिन चिंताजनक होती जा रही है. कल शाम तक शहर में कुल बारिश का आंकड़ा 19 इंच दर्ज हुआ है, जो पिछले साल के मुकाबले 9 इंच बारिश कम बता रहा है. आज खास बात यह है कि शहर के सभी प्रमुख तालाब खाली पड़े है और दो तालाब का जल स्तर शून्य है. अब बारिश के मौसम का एक महीना भी नहीं बचा है.**



सूखा पड़ा छोटा बिलावली तालाब

इंदौर जिला इस साल बारिश को लेकर सूखे के कगार पर खड़ा है। बारिश के कुल 90 दिनों में से करीब 75 दिन पूरे होने को आए है और 15 से 20 दिन बारिश के शेष बचे है. शहर में अभी सामान्य से करीब 15 इंच बारिश कम हुई है. मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में आज दिनभर में आधा इंच बारिश हुई है. अभी तक अगस्त में बारिश का आंकड़ा 30 इंच पार करना चाहिए था, लेकिन पिछले साल के आंकड़े को देखने पर 10 इंच बारिश कम बता रहा है. सामान्य तौर पर बारिश का मौसम 15 जून से 15 सितंबर तक माना जाता है, इसमें 8-10 दिन आगे पीछे हो जाते हैं. शहर में पिछले कई दिनों से बादल छाए हुए हैं, लेकिन बरस नहीं रहे है. मौसम में ठंडक है, लेकिन धूप निकलते ही तापमान चढ़ जाता है. इंदौर जिले में सामान्य बारिश 38 इंच मानी जाती है और 42 से 45 इंच बारिश बहुत अच्छी बारिश माना जाता है.

### शहर के तालाबों की वर्तमान स्थिति निम्न है :-

| तालाब का नाम | वर्तमान जल स्तर | क्षमता |
|---|---|---|
| यशवंत सागर | 13.5 फिट | 19 फीट |
| बड़ा बिलावली | 14.11 फिट | 34 फीट |
| छोटा बिलावली | 00.0 फिट | 12 फीट |
| बड़ा सिरपुर | 11.04 फिट | 16 फीट |
| छोटा सिरपुर | 14.09 फिट | 13 फीट |
| पिपलियापाला | 7.6 फिट | 22 फीट |
| लिंबोदी | 00 फिट | 1 6 फीट |

### बोरिंग भी पूरी क्षमता से नहीं चल रहे

इस साल बारिश को लेकर इंदौर जिला बुरी स्थिति का सामना कर रहा है. यहां तालाब कुएं, बावड़ी पानी को तरस रहे है. स्थिति यह है कि शहर के दो प्रमुख तालाब छोटा बिलावली और लिंबोदी में जल स्तर शून्य है. बाकी तालाबों में भी जल स्तर क्षमता से 35 प्रतिशत तक ही आया है. वहीं शहर में हर तरफ सरकारी बोरिंग भी पूरी क्षमता से नहीं चल रहे है. अधिकाश बोरिंगों में पानी नहीं आया है. इस साल बारिश के शेष बचे 20 दिन में दो सिस्टम अरब सागर के बने हुए है. इनसे सामान्य बारिश की जरूरत पूरी होने की उम्मीद है. यदि हवा के कारण दिशा बदल गई, तो इंदौर की स्थिति पानी को लेकर भयावह रूप धारण कर सकती है.

# लेडी तस्कर के नेटवर्क से जुड़े पेडलर को दबोचा

- क्राईम ब्रांच ने किया गिरफ्तार
- ब्राउन शुगर गिरोह के और सदस्यों की तलाश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राईम ब्रांच द्वारा करोड़ों की ब्राउन शुगर और भारी नकदी के साथ पकड़ी गई महिला तस्कर सीमा नाथ से पूछताछ ने पुलिस को एक और पेडलर तक पहुंचा दिया. सोमवार को घेराबंदी कर पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया था. जांच में सामने आया है कि इस गिरोह का नेटवर्क राजस्थान तक फैला हुआ है और शहर व आसपास कई पेडलर सक्रिय हैं.डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी का कहना है कि पकड़े गए बदमाश का नाम 21 वर्षीय आकाश गोखले निवासी नावदा पंथ, धार रोड है. उस पर पहले से ही करीब आधा दर्जन अपराध दर्ज हैं और वह जेल की हवा भी खा चुका है.**



पुलिस को उसके पास से तस्करी से जुड़े अहम सुराग मिले हैं. त्रिपाठी ने यब भी बताया है कि सीमा नाथ से जब 516 ग्राम ब्राउन शुगर और 48 लाख 50 हजार रुपए नकद जब्त हुए थे, तभी से पुलिस उसकी जड़ों तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी. अदालत ने उसे 28 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर सौंपा है. इसी दौरान उससे हुई सख्त पूछताछ में कुछ और पेडलरों के नाम सामने आए हैं. एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच टीम ने आकाश को दबोचा. पुलिस अब बाकी नामजद आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है.

### कार से कर रहे थे एमडी ड्रग्स सप्लाई
### क्राइम ब्रांच ने दो तस्कर को किया गिरफ्तार

इंदौर. शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच ने भंडारी ब्रिज के पास कार से ड्रग्स सप्लाई करने आए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 11.52 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, टीम लगातार अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई कर रही है. चैकिंग के दौरान भंडारी ब्रिज के नीचे संदिग्ध कार खड़ी मिली. तलाशी लेने पर कार में बैठे 20 वर्षीय पीयूष चौहान निवासी इंडस्ट्री हाउस और 26 वर्षीय सत्यम जैन निवासी नरीमन प्वाइंट पकड़े गए. पूछताछ में दोनों ने कबूला कि वे जल्दी पैसा कमाने की नीयत से एमडी ड्रग्स सस्ते में खरीदकर नशे के आदी युवाओं को महंगे दामों पर बेचते थे. इसी तरह बाणगंगा पुलिस ने भी चैकिंग के दौरान स्कूटर सवार शुभम मालवी और दिनेश चौहान को पकड़ा. उनके पास से करीब सवा किलो गांजा जब्त किया. दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

# न्यायिक हिरासत में की गई जांच में बड़ा खुलासा

- इंदौर-महू के 7 आरोपी एचआईवी संक्रमित

इंदौर. पुलिस गिरफ्तारी के बाद मेडिकल जांच के दौरान चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है. इंदौर और महू में अलग-अलग मामलों में पकड़े गए सात आरोपी एचआईवी संक्रमित पाए गए हैं. यह खुलासा जिला स्वास्थ्य विभाग की एड्स कंट्रोल यूनिट द्वारा 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक कराई गई नियमित जांच में हुआ.

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में इंदौर, महू, सांवेर और देपालपुर क्षेत्र से कुल 5,729 आरोपियों की न्यायिक हिरासत के दौरान एचआईवी जांच की गई. इसमें इंदौर के 4,797 आरोपियों में से 5 संक्रमित मिले, जबकि महू के 456 आरोपियों की जांच में 2 संक्रमित पाए गए. एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. शैलेंद्र जैन ने बताया कि समय रहते जांच होने पर मरीज को नियंत्रित उपचार मिल सकता है. नियमित दवाइयां लेने से संक्रमित व्यक्ति न केवल सामान्य जीवन जी सकता है, बल्कि दूसरों को संक्रमण फैलने से भी रोका जा सकता है. विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की जांच न सिर्फ संक्रमित व्यक्तियों के उपचार में सहायक है, बल्कि समाज में संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने के लिए भी बेहद जरूरी कदम है.

## कुएं के पास जुआ खेलते पांच युवक धराए

इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध जुएं की महफिल पर छापा मारकर पांच युवकों को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि अयोध्यापुरी कॉलोनी स्थित कुएं के पास ताश के पत्तों से दांव लगाते हुए तारू दांगोडे, शिवजी बादे, गौरव मालवीय, अभिषेक जाटव और अर्जुन कायत को रंगेहाथ पकड़ा. आरोपियों के कब्जे से 570 रुपए नगद और 52 ताश के पत्ते जप्त किए.

# शहर में सूने मकानों पर चोरों का धावा

- तीन इलाकों में लाखों की चोरी

**इंदौर. चोरों ने शहर में सूने मकानों को निशाना बनाकर लगातार वारदातों को अंजाम दिया है. तिलकनगर, कनाड़िया और तुकोगंज थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं में आरोपी लाखों रुपये के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए.**

तिलकनगर के सेक्टर-ए साईनाथ कॉलोनी में चोर पहली मंजिल का ताला तोड़कर भीतर घुसे और ड्रेसिंग टेबल से सोने के तीन जोड़े बुंदे, दो जोड़ी नग लगे बुंदे, घर के मंदिर से चांदी का दीपक व कटोरी तथा खुले लॉकर से करीब 15 हजार रुपये नकद ले गए. वहीं, कनाड़िया थाना क्षेत्र के संचार नगर एक्सटेंशन इलाके में अज्ञात आरोपी घर का ताला तोड़कर अलमारी से सोने की दो चेन, तीन अंगूठियां, दो नेकलेस सेट, दो कड़े, पांच जोड़ी टॉप्स, डायमंड लॉकेट, एक पेंडेंट सेट, लेडीज ब्रेसलेट सहित चांदी की पायल, कड़ा, बिछुड़ी और अंगूठियां चोरी कर ले गया. इसी तरह तुकोगंज क्षेत्र स्थित यशवंत निवास रोड पर सीता बिल्डिंग के एक फ्लैट से भी चोर अलमारी में रखे नगद रुपए और सोने-चांदी के पुराने जेवरात चुरा ले गए. पीड़ित अवि दरियानी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है.


### ई-रिक्शा में बैठते ही महिला की कलाई से उड़ाई सोने की चूड़ियां

इंदौर. जोशी मोहल्ला क्षेत्र में एक महिला को बदमाशों ने शिकार बना लिया. घटना उस समय हुई जब 53 वर्षीय महिला ई-रिक्शा में बैठ रही थीं. इसी दौरान अज्ञात आरोपी उनकी कलाई से सोने की दो चूड़ियां उतारकर भाग निकला. चूड़ियों की कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई गई है, सूचना पर थाना मल्हारगंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# तीज के कार्यक्रम में घुसा युवक

- पकड़कर किया पुलिस के हवाले

इंदौर. राजवाड़ा पर हरतालिका तीज के मौके पर देर रात भजन संध्या के दौरान हंगामा खड़ा हो गया. सांसद शंकर लालवानी की संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भजन-कीर्तन में शामिल थीं. इसी दौरान आरोप लगा कि कुछ युवक महिलाओं के मोबाइल से फोटो और वीडियो बना रहे थे. बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे. उन्होंने देखा कि एक युवक महिलाओं की भीड़ में घुसने की कोशिश कर रहा है और पूछताछ में उसने गलत नाम बताकर पहचान छिपाई. सख्ती करने पर मामला खुला तो उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.मामले में बजरंग दल पदाधिकारियों का कहना है कि ऐसे कई युवकों को रोका गया और पुलिस को सौंपा गया है. बजरंग दल के प्रवीण दरेकर ने आरोप लगाया कि हिन्दू समाज के आयोजनों में दूसरे वर्ग के युवक फर्जी पहचान बनाकर प्रवेश करते हैं और महिलाओं से छेड़छाड़ की कोशिश करते हैं. इधर एमजी रोड पुलिस का कहना है कि कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई, इसलिए पकड़े गए युवकों पर सिर्फ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है.



# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



इंदौर. चंदन नगर क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक कांच फीटिंग का काम करता था और नंदन नगर पावर हाउस के पास अपने परिवार के साथ रहता था.

चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल ने बताया कि मृतक मनीष, रिक्शा चालक अशोक का बेटा था. घटना सुबह करीब चार बजे हुई, जब मनीष ने घर की ऊपरी मंजिल पर फंदा लगाकर जान दे दी. सबसे पहले मां सुनीता ने बेटे को लटका देखा और शोर मचाया. चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए, मृतक अविवाहित था. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है. परिजनों के बयान और अन्य तथ्यों को एकत्रित किया जा रहा हैं, जिससे असल कारणों का पता चल सके.

### वाहन पलटने से युवक की मौत

इंदौर. हातोद थाना क्षेत्र में लापरवाह ड्राइविंग के चलते एक युवक की जान चली गई. घटना बुढ़ानिया बागडदा रोड स्थित आयडियल पैरामाउंट सिटी के पास की है. हातोद थाने से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चालक नरेंद्र सुमन ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए पलटा दिया. हादसे में 40 वर्षीय गगन को सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हातोद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त किया है, मामले की जांच जारी है.

समस्या | समस्याओं को लेकिर प्रमुख सचिव से मिला पटवारी संघ, दिया ज्ञापन

# नए पोर्टल के कारण पटवारी और किसान हो रहे परेशान



इंदौर. आधुनिकता के साथ देश-प्रदेश भी आगे बढ़ता जा रहा है लेकिन यहां विचार करने वाली बात है कि आधुनिक सुविधा कहीं कुछ कार्यों को प्रभावित तो नहीं कर रही है. कुछ ऐसा ही एक मामला जिला पटवारी और किसानों के बीच देखने में आया है. जहां नए पोर्टल वेबजीआईएस के साथ कार्य करने में कई परेशानियां हो रही है.

एक बार फिर पटवारी संघ ज्ञापन द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराने राजस्व प्रमुख्य सचिव के पास पहुंचा. मामला कुछ यूं है कि किसान को असुविधाओं से बचाने, जल्द और आसानी से काम को निपटाने के लिए शासन द्वारा ऐप एवं नए सोफ्टवेयर लांच किए जाते हैं लेकिन पटवारियों के साथ समन्वय न करते हुए ऐसे ऐप्स का डेमो नहीं दिया जाता है. इसके चलते पटवारियों को कार्य करने में कई तरह की परेशानियां होती है. यही कारण है कि हितग्राहियों के कार्य में बड़ी बाधाए उत्पन्न होती है. किसानों के काम नही हो पाते और उनकी नाराज़गी बढ़ जाती है. हाल ही में कुछ समय पहले ही नए वर्जन पोर्टल वेब जीआईएस के साथ पटवारियों को कार्य करने को कहा गया जिससे होने वाली असुविधाओं के पटवारी और किसान दोनों को ही परेशान हो रही है. जबकि पटवारी पिछले पोर्टल ऐप को भलीभांति समझ चुके थे, जिसके साथ कार्य करना आसान हो चुका था. वहीं वेबजीआईएस से कार्य विलंब से हो रहे हैं. अधिकारियों और पटवारियों के बीच हमेशा दूरियां देखने को मिली है. जबकी पटवारियों के बीच कई ऐसे पटवारी भी है जो कि तकनीकी रूप से कुशल है.

### इनका कहना है...



किसान या कोई पार्टी जिनने रजिस्ट्री करवा ली लेकिन वेबजीआईएस के करण नामांकन की प्रक्रिया नहीं हो पा रही. रिपोर्ट का एंप्लीमेंट नहीं हो रहा लेकिन तहसीलदार साहब ने आर्डर कर दिया. महीने भर से हम अमल नहीं कर पा रहे है.

**- लोकेश बेतव, पटवारी सांवेर**



अधिकारियों और पटवारियों के बीच नए ऐप को लेकर समन्वय ज़रूरी है. जब तक हम इससे फ्रेंडली नहीं होते जब यह तकनीक हमारे लिए कई रूकावटें खड़ी करती रहेगी. हम चाहते हैं हितग्राही का कार्य जल्द हो जिससे वह संतुष्ट रहे.

**- नवीन वर्मा, पटवारी देपालपुर**



पुराने सॉफ्टवेअर को तीन साल चालाया. उसकी कई त्रुटियां भी खत्म की, जब हम उसे समझ चुके थे, तो अब यहां नए ऐप दिया गया, जिसे संघ को सूचित नहीं किया गया और न ही पटवारी टक्निीकल टीम को बताया गया.

**- मनोज परिहार, अध्यक्ष पटवारी संध**